University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 20 October 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### संस्कृत : पीएचडी के चयनितों की सूची जारी

**लखनऊ।** लविवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत संस्कृत विषय के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। साक्षात्कार 22 अक्तूबर को ओल्ड कैंपस के संस्कृत विभाग में होगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए उपलब्ध होने का निर्देश दिया गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची के एक से 18 तक के क्रम संख्या वालों को सुबह नौ बजे और 19 से अधिक क्रम संख्या वालों को दोपहर एक बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रपोजल और सभी मूल प्रमाणपत्र व उनकी प्रति लाना अनिवार्य है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### संस्कृत पीएचडी का साक्षात्कार 22 को

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2020-21 के अन्तर्गत संस्कृत विषय में चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 22 अक्तूबर को होगा। अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में होगा। सभी प्रतिभागियों को समय से रिपोर्ट करना होगा।

## HINDUSTAN PAGE 6

### पीजी में पांच पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 के पीजी प्रवेश के अंतर्गत कई विषयों में मेरिट सूची मंगलवार को जारी की गई। सोशल वर्क, हिन्दी, पॉलिटिकल साइंस, साइकोलॉजी एवं मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ विषयों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन विषयों में उपलब्ध परास्नातक सीटों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार सीट आवंटन कर दिया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थी के लॉगिन पर 20 अक्तूबर दोपहर 12 के बाद उपलब्ध होगी। जिस रैंक तक अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, उसकी कटऑफ वेबसाइट पर है। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है उनकी पात्रता की जांच आनलाइन होगी।

## i-NEXT PAGE IV

### छह पीजी कोर्सेज की प्रोविजनल मेरिट जारी

**LUCKNOW (19 Oct):** एलयू के सेशन 2020-21 के पीजी कोर्सेज में एडमिशन को छह सब्जेक्ट की प्रोविजनल कंप्लीट मेरिट सूची वेबसाइट के एडमिशन के पीजी पेज में जारी कर दी गयी है. एलयू ने सोशल वर्क, हिंदी, पॉलिटिकल साइंस, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, साइकोलॉजी और मास्टर इन पब्लिक हेल्थ इन कम्युनिटी मेडिसिन कोर्स की मेरिट जारी की है. इन सब्जेक्ट में एडमिशन लेने वाले कैंडीडेट्स के लिए सीट आवंटित कर दी गई है. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सीट आवंटन की सूचना कैंडीडेट्स के लॉगइन पर 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद उपलब्ध होगी. जिस रैंक तक कैंडीडेट्स को सीट आवंटन हुआ है, उनकी रैंक कटऑफ वेबसाइट पर उपलब्ध है.

### पीएचडी में एडमिशन को इंटरव्यू 22 को

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (19 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पीएचडी के सेशन 2020-21 में एडमिशन के लिए संस्कृत विषय की प्रवेश परीक्षा में सफल कैंडीडेंट्स के इंटरव्यू के लिए सूची जारी कर दी है. संस्कृत विषय में पीएचडी एडमिशन के लिए इंटरव्यू 22 अक्टूबर को एलयू के ओल्ड कैम्पस में स्थित संस्कृत विभाग में होगा. एलयू के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सफल कैंडीडेंट्स निर्धारित डेट को लखनऊ यूनिवर्सिटी के संस्कृत विभाग में आकर अपना इंटरव्यू में शामिल होना होगा. वेबसाइट पर जारी सूची में जिनका नाम क्रम संख्या 1 से 18 तक है. कैंडीडेट्स इंटरव्यू के लिए सुबह 9 बजे रिपोर्ट करें. साथ ही जिनका नाम क्रम संख्या 19 से आगे है वह दोपहर 1 बजे संस्कृत विभाग में इंटरव्यू के लिए उपस्थित हों. इंटरव्यू के समय कैंडीडेंट्स अपना प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रपोजल व अपने सभी मूल प्रमाणपत्र और उनकी एक फोटोप्रति लेकर आना होगा.

**संस्कृत के कैंडीडेंट्स के इंटरव्यू के लिए लिस्ट जारी**

## JAGRAN CITY PAGE I

### लवि : पीजी के छह विषयों में हुआ सीट आवंटन

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2021-22 में परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए छह विषयों में मंगलवार को सीट आवंटन कर दिया। इसमें सोशल वर्क, हिंदी, पालिटिकल साइंस, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, साइकोलाजी और मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन) विषय शामिल हैं।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद अपनी लागइन आइडी पर इसे देख सकेंगे। इसमें जिस रैंक तक के अभ्यर्थियों को सीट आवंटन किया गया है, उसकी रैंक कटआफ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध कराई गई है। जिन अभ्यर्थियों की सीट आवंटित हुई है, उनकी शैक्षिक अर्हता की जांच संबंधित विभाग की ओर से आनलाइन की जाएगी। विभाग की जांच के बाद अर्ह अभ्यर्थियों को फीस आनलाइन अपनी लागइन के माध्यम से जमा करनी होगी। इसकी अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तय की गई है।

**चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी:** लवि ने संस्कृत विषय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मंगलवार को जारी कर दी। चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 22 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। प्रवक्ता के मुताबिक, वेबसाइट पर जारी सूची में जिनका नाम सीरियल नंबर एक से 18 तक है, उन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सुबह नौ बजे और जिनका नाम सीरियल नंबर 19 से आगे है, उन्हें दोपहर एक बजे संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। प्रवेशपत्र, रिसर्च प्रस्ताव एवं सभी मूल प्रमाणपत्र एवं उनकी एक फोटो प्रति लेकर आना है।

## PIONEER PAGE 3

### एलयू परास्नातक स्तर पर छह कोर्सो को लेकर सीट आवंटन जारी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**शैक्षिक** सत्र 2021-22 के अंतर्गत परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने छह विषयों के सीट आवंटन जारी कर दिए। इसमें सोशल वर्क, हिन्दी, पालिटिकल साइंस, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, साइकोलॉजी और मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन) विषय शामिल हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार अभ्यर्थी 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद अपनी लॉग इन आइडी पर इसे देख सकेंगे। इसमें जिस रैंक तक के अभ्यर्थियों को सीट आवंटन किया गया है, उसकी रैंक कटआफ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। जिन अभ्यर्थियों की सीट आवंटित हुई है, उनकी शैक्षिक अर्हता की जांच संबंधित विभाग की ओर से आनलाइन की जाएगी। विभाग की जांच के बाद अर्ह अभ्यर्थियों को फीस आनलाइन अपनी लागइन के माध्यम से जमा करनी होगी। इसकी अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तय की गई है।

**पीएचडी संस्कृत चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी:** संस्कृत विषय में पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मंगलवार को जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए 22 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के पुराने परिसर स्थित संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। प्रवक्ता के मुताबिक सूची में जिनका नाम सीरियल नंबर 1 से 18 तक है, उन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सुबह नौ बजे और जिनका नाम सीरियल नंबर 19 से आगे है, उन्हें दोपहर एक बजे संस्कृत विभाग में पहुंचना होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रस्ताव, सभी मूल प्रमाणपत्र एवं उनकी एक फोटो प्रति लेकर आना है।

## AMRIT VICHAR PAGE 3

### परास्नातक प्रवेश की मेरिट सूची जारी

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 की परास्नातक -2021 प्रवेश के अंतर्गत विषयों की अंतिम मेरिट सूची विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दी गयी है।

अलग-अलग विषयों में उपलब्ध परास्नातक सीटों के सापेक्ष मेरिट के अनुसार सीट आवंटन कर दिया गया है। आवंटन की सूचना अभ्यर्थी के लॉग इन पर बुधवार को दोपहर 12 बजे के बाद उपलब्ध होगी। इसके साथ ही जिस रैंक तक अभ्यर्थियों का चयन हुआ है उसकी रैंक कटऑफ़ वेबसाइट पर उपलब्ध है। वहीं जिन अभ्यर्थियों की सीट एलाट हुई है उनकी पात्रता की जांच आनलाइन विभाग के द्वारा कर ली जाएगी। वहीं विभाग द्वारा जांच के बाद योग्य अभ्यर्थियों को फ़ीस आनलाइन अपनी लॉगिन के द्वारा जमा करनी होगी। फ़ीस जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है।

#### संस्कृत विषय के अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को पीएचडी संस्कृत विषय में प्रवेश के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को विवि के संस्कृत विभाग में बुलाया गया है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा (सत्र 2020-21) के अंतर्गत चल रही प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने वाले चयनित अभ्यर्थियों को समय से विश्वविद्यालय पहुंचना होगा। प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है, उनका विवरण वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। जिनका नाम सीरियल नंबर एक से 18 तक है वे साक्षात्कार के लिए प्रांत: 9 बजे रिपोर्ट करेंगे, वहीं जिनका नाम सीरियल नं 19 से आगे है वे दोपहर एक बजे संस्कृत विभाग में पहुंचेंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपना प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रपोज़ल व अपने सभी मूल प्रमाणपत्र उनकी एक फोटोप्रति लेकर जाना होगा।

